# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 2 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 2 2020

समय :3 घण्टा] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक-एक (1x5x5=25) अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 - शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा: 30 शब्द से 75 शब्द है। प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा :75 शब्द से 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 120 शब्द से 150 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3= 10) दस अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 200 शब्द से 250 शब्द है।

(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

(i) षड ऋत वर्णन में प्रसिद्ध कवि का नाम है-

(क) गिरधर, (ख) रहीम, (ग) पद्माकर, (घ) नागार्जुन।

(ii) पहली चूक किस विधा में लिखी गई रचना है ?

(क) कहानी, (ख) व्यंग्य निबन्ध, (ग) एकांकी, (घ) निबन्ध।

(iii) 'रक्षाबन्धन' पाठ की विधा है-

(क) कविता, (ख) आत्मकथा, (ग) संस्मरण, (घ) कहानी।

(iv) जो सब कुछ जानता हो-

(क) सर्वज्ञ, (ख) जानकार, (ग) ज्ञानी, (घ) बहुज्ञानी।

(v) गीतिका के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं-

(क) चौबीस, (ख) छब्बीस, (ग) अट्ठाईस, (घ) बत्तीस।

उत्तर-(i) (ग), (ii) (ख), (iii) (घ), (iv) (क), (v) (ग)।

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए- 1x5=5

(i) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारम्भ संवत ...........से माना जाता है। (1900/1850)

(ii) साक्षात्कार गद्य की ............ विधा है। (प्रमुख/गौण)

(iii) माई की बगिया में ...........के फूल खिलते हैं। (गुलबकावली/चमेली)

(iv) रसोईघर ........... समास का उदाहरण है। (द्वन्द्व/तत्पुरुष)

(v) दोहा और रोला छंद मिलकर ........... छंद बनता है। (कुण्डलिया/छप्पय)

उत्तर-(i) 1900, (ii) गौण, (iii) गुलबकावली, (iv) तत्पुरुष, (v) कुण्डलिया।

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए- 1x5=5

(i) रामचरितमानस का प्रमुख छन्द चौपाई है।

(ii) मनोहर शब्द में व्यंजन संधि है।

(iii) माई की बगिया पहाड़ी ढलान पर है।

(iv) स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गए थे।

(v) 'लोकायतन' के रचयिता सूरदास हैं।

उत्तर-(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

प्रश्न 4. निम्नलिखित का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) परम्परा बनाम आधुनिकता- | (क) द्विगु समास |
| (ii) वीरों का कैसा हो बसन्त | (ख) मार्गरेट एलिजावेथ नोबुल |
| (iii) दोपहर | (ग) विचारात्मक निबन्ध |
| (iv) रामचरितमानस | (घ) सुभद्राकुमारी चौहान |
| (v) भगिनी निवेदिता | (ङ) महाकाव्य |

उत्तर-(i)→(ग), (ii)→ (घ), (iii)→ (क), (iv)→ (ङ), (v)→ (ख)।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए- 1x5=5

(i) निन्दा रस के लेखक कौन हैं ?

(ii) 'ईश्वर के अनेकों नाम हैं।' वाक्य को शुद्ध कीजिए।

(iii) नायक के सम्पूर्ण जीवन का चित्रण किस काव्य में होता है ?

(iv) ललित कलाओं का स्वभाव कैसा होता है ?

(v) काँटे की मर्यादा क्या है ?

उत्तर-(i) हरिशंकर परसाई,(ii) ईश्वर के अनेक नाम हैं, (iii) महाकाव्य, (iv) फूल जैसा, (v) काँटे की मर्यादा उसके कठोर एवं तीखे होने में है।

प्रश्न 6. ईश्वर ने रोगों को दूर करने के लिए मनुष्य को क्या दिया है? 2

अथवा

जीवन को सफल बनाने के लिए कवि क्या निर्देश देते हैं ?

प्रश्न 7. पारस में कौन-सा गुण पाया जाता है ? 2

अथवा

कामायनी के नायक एवं नायिका का नाम बताते हुए इसके रचनाकार का नाम बताइए।

प्रश्न 8. भारतेन्दु के अनुसार भारत की दुर्दशा का प्रमुख कारण क्या है ? 2

अथवा

'निशाकाल से चिर अभिशापित' किसे कहा गया है ?

प्रश्न 9. कवि चट्टानों की छाती से क्या निकालने के लिए कह रहा है ? 2

अथवा

चलने से पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

प्रश्न 10. 'चिर सजग' का क्या आशय है ? 2

अथवा

आसमान में किस तरह के बादल उड़ रहे हैं ?

प्रश्न 11. पुरुषोत्तम ने अहिल्या से सत्य और असत्य की क्या व्याख्या की है? 2

अथवा

महाराणा लाखा वीर सिंह के किस गुण से प्रसन्न हुए ?

प्रश्न 12. राजा, दीवान सुजान सिंह का आदर क्यों करते थे ? 2

अथवा

'बैल की बिक्री' कहानी के अनुसार मोहन शिबू के विषय में क्यों चिन्तित था ?

प्रश्न 13. स्थित प्रज्ञता कैसे प्राप्त होती है ? 2

अथवा

देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास कैसे हो रहा है ?

प्रश्न 14. दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रूप में की गई है ? 2

अथवा

सुश्रुत को शल्य चिकित्सा के अतिरिक्त अन्य किन रोगों की महत्वपूर्ण जानकारी थी ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 2

(i) हर्षित शुद्ध गाय का दूध पीता है, (ii) अमित को अनुत्तीर्ण होने की आशा है।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए-

(i) मोहन दिल्ली में रहता है। (निषेधवाचक)

(ii) सीता गाना गाती है। (विस्मयादिबोधक)

प्रश्न 16. हास्य रस की परिभाषा लिखिए। 2

अथवा

हरिगीतिका छन्द की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 17. माता की कुक्षि कब धन्यता प्राप्त करती है ? 3

अथवा

"कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।" इस कथन की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 18. संधि-विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए- 3

परमानंद, निर्गुण, जगदीश।

अथवा

समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए-

देशभक्ति, नवग्रह, नीलकमल।

प्रश्न 19. पाठ्य मुक्तक एवं गेय मुक्तक में अन्तर लिखिए- (कोई तीन) 3

अथवा

अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

प्रश्न 20. प्रगतिवादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

नई कविता की दो विशेषताएँ लिखते हुए दो कवियों के नाम लिखिए।

प्रश्न 21. पत्र साहित्य किसे कहते हैं? किन्हीं दो पत्र-साहित्यकारों एवं उनकी एक-एक कृति का नाम लिखिए। 4

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई चार अन्तर बताइए।

प्रश्न 22. 'रामधारी सिंह 'दिनकर' अथवा कबीरदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला पक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' अथवा प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ. (ii) भाषा-शैली. (ii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित लिखिए- 4

मानव जिस ओर गया

नगर बसे, तीर्थ बने

तुमसे है, कौन बड़ा

गगन सिंधु मित्र बने

भूमा का भोगो सुख, नदियों का सोम पियो

त्यागो सब जीर्ण बसन, नूतन के संग-संग चलते चलो॥

अथवा

मसृण, गान्धार देश के नील रोम वाले मेषों के चर्म,

ढंक रहे थे उसका वपुकान्त बन रहा था वह कोमल वर्म।

नील परिधान बीच सुकुमार खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,

खिला ज्यों बिजली का फूल मेघवन बीच गुलाबी रंग।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित लिखिए- 4

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है। एक शक्तिबोध और दूसरा सौन्दर्यबोध । बस, हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरुचि की भावना को ही।

अथवा

गाँव का आदमी निरक्षर भले हो, लेकिन सुसंस्कृत रहा है। वह विश्वास पर बिक जाता है, धर्म पर झुक जाता है , सबको सहता है पर शिकायत नहीं करता , सबकी सुनता है पर अपनी ओर से कुछ नहीं कहता। वह कभी थककर नहीं बैठता , झुककर नहीं चलता और त्याग में से प्राप्ति तथा परिश्रम में से आनन्द पाता आया है। दुःख का पहाड़ आ जाये तो सुख की क्षीण रेखा वह सदा मुस्कराता है और अकेला रह जाने पर भी अपनी राह चलना नहीं छोड़ता। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब , मत, पंथ या संप्रदाय सीमित रूप है। संसार के सभी धर्म मूल रूप में एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं। सभी मानवों में एक प्राण-स्पंदन होता है। उनके रक्त का रंग भी एक ही है। सुख-दुःख का भावबोध भी उनमें एक जैसा है। आकृति और वर्ण , वेशभूषा और रीति-रिवाज तथा नाम ये सब ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है ; और इंसान ने बनाया है धर्म या मजहब को। ध्यान रहे , मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मजहब दूसरा कोई नहीं। वह मिलना सिखाता है , अलगाव नहीं। 'धर्म' तो एकता का द्योतक है।

प्रश्न-(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) सबसे बड़ा धर्म कौन-सा है ?

(iii) बाह्य वस्तुएँ क्या हैं?

प्रश्न 27. प्राचार्य महोदय को बुक-बैंक से पुस्तकें देने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए- 7

(i) पुस्तकालय, (ii) जीवन में खेलों का महत्व, (iii) पर्यावरण प्रदूषण, (iv) इण्टरनेट : आधुनिक जीवन की आवश्यकता, (v) समाचार-पत्रों का महत्व।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए- 3

(i) विद्यार्थी और अनुशासन, (ii) आधुनिक भारत में नारी, (iii) दीपावली,

(iv) किसी यात्रा का वर्णन, (v) भारतीय किसान।